प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
31.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मनाई जा रही राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आज देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इसको आस्था और परंपरा का एक दिव्य उत्सव बताया। प्रधानमंत्री ने देश–विदेश में रह रहे राम भक्तों की ओर से भगवान श्री राम को नमन किया।

नव वर्ष

नव वर्ष 2026 के स्वागत के लिए प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का खूब तांता लगा हुआ है। प्रतिदिन हजारों सैलानी प्रदेश के पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। इधर शिमला में चल रहे विंटर कार्निवाल और नव वर्ष को लेकर पर्यटकों की काफी भीड़ देखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव गांधी ने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों से भी सहयोग की अपील की है।

नए साल में आज धूमधाम से जैसे पहले भी लोग आते रहते हैं। हमारे प्रदेश में और हमारी कैपिटल में। जिला पुलिस की तरफ से हम आप सबका स्वागत करते हैं और साथ साथ में हम एक अपेक्षा रखते हैं कि सभी लोग डिसिपलेन और एक अच्छे नागरिक का परिचय देते हैं। पहले भी देते आए है पहले भी जब शिमला आते हैं। जो बेसिक सिविक सैंस, जो सिविक डयूटी होती है सीाी लोगों की। उनका अनुसरण करेंगे और सभी मिलजुलकर नववर्ष के आगमन से हामरी कैपिटल है शिमला उसमें धूमधाम से नववर्ष का स्वागत करेंगे।

उधर कुल्लू जिला नववर्ष का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है और हज़ारो की संख्या में देश के विभिन्न राज्यों से आए सैलानी यहां नववर्ष की पूर्व संध्या का जश्न मनाने के लिए पहुँच चुके है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता........

कुल्लू जिला नववर्ष का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है तथा हज़ारो की संख्या में देश के विभिन्न राज्यों से आए सैलानी यहां नववर्ष की पूर्व संध्या का जश्न मनाने के लिए यहां पहुँच चुके है। इस वर्ष पहली बार दिसंबर माह में रोहतांग पास सैलानियों के लिए खुला है तथा पर्यटक फॉर बाई फॉर गाड़ियों में वहां जाकर बर्फ का दीदार कर रहे है स हालांकि अभी मनाली व् आसपास के पर्यटक स्थलों पर बर्फबारी का इंतज़ार है स सैलानियों के मनोरंजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा मनाली माल रोड पर डीजे की व्यवस्था की गई है स इसके अलावा निजी होटलो के द्वारा भी नववर्ष की संध्या के लिए बॉन फायर व् अन्य

इंतज़ाम किए गए है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस द्वारा कानून व् यातायात व्यवस्था के नियंत्रण के अतिरिक्त जवान तैनात किए गए है।

विशेष श्रृंखला

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक वर्ष रहा है। इस वर्ष कई नीतियों का देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान रहा और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। हमारी विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज हम चर्चा कर रहे हैं– 2025 में भारत किस तरह दुनिया के नए उत्पादक देश के रूप में उभरा। पेश है एक रिपोर्ट–

सीबीएसई–तिथियां

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड –सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की संशोधित तिथियों की घोषणा की है। सीबीएसई के अनुसार कक्षा 10वीं की परीक्षा जो पहले 3 मार्च को निर्धारित थी वे अब 11 मार्च को आयोजित की जाएगी। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा की तिथि 3 मार्च के स्थान पर अब 10 अप्रैल निर्धारित की गई है। बोर्ड ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से तिथियों में यह बदलाव किया गया है।

मौसम

मौसम विभाग द्वारा जारी बारिश और बर्फबारी के अलर्ट के बीच लाहौल घाटी के उदयपुर और कुकमसेरी में ताजा बर्फबारी हुई है। इससे न्यूनतम तामपान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। आज राजधानी शिमला साहित प्रदेश के अधिकांश भागों में बादल छाए हुए है। मौसम विभाग ने 2 जनवरी तक प्रदेश के मध्यम से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश बर्फबारी की संभावना जताई है।